## हत्या के मामलों में तेजी से खुलासा, 154 बदमाश जिला बदर, आठ पर एनएसए की कार्रवाई

**अपराधियों पर जबलपुर पुलिस का शिकंजा**

**अपराध नियंत्रण के लिए लगातार अभियान**

# दो महीनों में आठ अंधी हत्याओं का खुलासा, 58 फरार आरोपियों पर इनाम




*शहर में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए जबलपुर पुलिस लगातार सख्त और सुनियोजित कार्रवाई कर रही है। वर्ष 2026 के शुरुआती दो महीनों में पुलिस ने हत्या जैसे गंभीर मामलों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।*

शुभम् शुक्ला

**हरिभूमि, जबलपुर।** 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 के बीच पुलिस ने आठ अंधी हत्याओं का सफल खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए 58 मामलों में इनाम घोषित कर सख्त संदेश दिया गया है कि कानून से बचना अब आसान नहीं है।

पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में 1 जनवरी से 28 फरवरी के बीच हत्या के 15 मामले सामने आए थे, जबकि वर्ष 2026 में इसी अवधि में 14 हत्या के मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में से आठ अंधी हत्याओं का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने आरोपियों तक पहुंच बनाई और उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इन मामलों की जांच में तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और सतत निगरानी का सहारा लिया गया, जिसके परिणाम स्वरूप कई जटिल मामलों का भी तेजी से खुलासा संभव हुआ।

### अपराधियों पर निवारक कार्रवाई तेज

अपराधियों के खिलाफ निवारक कार्रवाई के तहत भी पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। शहर की शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से इस वर्ष अब तक 154 बदमाशों को जिला बदर किया जा चुका है। इससे आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर अंकुश लगाने में मदद मिली है। वहीं गंभीर अपराधों में संलिप्त पाए गए आठ आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्रवाई कर उन्हें कड़ी कानूनी गिरफ्त में लिया गया है।

### फरार अपराधियों की तलाश में अभियान

जबलपुर पुलिस फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 के बीच कुल 58 मामलों में फरार आरोपियों पर इनाम घोषित किया गया है। अधिकारियों का मानना है कि इनाम घोषित होने से आरोपियों की गिरफ्तारी में तेजी आती है और आम नागरिकों से भी महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती हैं, जिससे पुलिस को कार्रवाई में सफलता मिलती है।

### अंधी हत्याओं का खुलासा

पुलिस ने शहपुरा, माढ़ोताल, पाटन, पनागर, रांझी और लार्डगंज थाना क्षेत्रों में हुई आठ अंधी हत्याओं का सफलता पूर्वक पर्दाफाश किया। इन मामलों में कहीं आपसी रंजिश, कहीं प्रेम प्रसंग तो कहीं मामूली विवाद ने हत्या का रूप ले लिया था। पुलिस ने मामले की गहन जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया और घटनाओं में प्रयुक्त हथियार, वाहन व अन्य साक्ष्य भी जब्त

### अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा



शहर में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और हत्या जैसे जघन्य अपराधों में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस तकनीकी जांच, खुफिया तंत्र और सतत गश्त के माध्यम से सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है और अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान



# अतिक्रमण की कार्रवाई से सुगम हुई यातायात व्यवस्था : निगमायुक्त

**जबलपुर।** शहर को व्यवस्थित, सुंदर और यातायात सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने आज एक बड़ा अभियान चलाया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर निगम की टीम ने शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाकर सड़कों को मुक्त कराया, जिससे नागरिकों को बेहतर यातायात व्यवस्था का अनुभव हुआ। अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से ने बताया कि घमापुर चौक और क्षेत्रीय बस स्टैंड क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से अतिक्रमण हटाया गया। रेत नाका से साउथ एवेन्यू मॉल तक की सड़क को साफ कर नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाया गया। इसी तरह, छोटी लाइन फाटक क्षेत्र में अस्थाई सब्जी बाजार को खाली कराया गया और छोटी लाइन से रामपुर चौक तक सड़कों के किनारे के अवरोध दूर किए गए। शहर की पहचान गौरीघाट और जिलेहरीघाट की सीढ़ियों पर किए गए अतिक्रमण हटाने से दर्शनार्थियों और पर्यटकों को घाटों पर चलने में अब सुविधा होगी। मेडिकल तिराहा से पुराने बस स्टैंड तक निगम टीम ने मुनादी कराई। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण टीम समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## *शहपुरा में दो मारुति वेन से गैस किट निकलवाई गई*



**जबलपुर।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को शहपुरा में वाहनों का औचक निरीक्षण किया गया। तहसीलदार शहपुरा सुमित गुप्ता के नेतृत्व में कई गई निरीक्षण की कार्यवाही के दौरान दो मारुति वेन को एलपीजी से संचालित पाये जाने पर दो शहपुरा थाना ले जाकर उनकी गैस किट को पृथक करवाया गया।

**हाईकोर्ट ने कहा, पिता को पुत्र द्वारा नशा मुक्ति केन्द्र में बंधक बनाकर रखे जाने का मामला**

# मेडिकल रिपोर्ट के साथ बुजुर्ग को न्यायालय में करो पेश

**जबलपुर।** सम्पति संबंधित विवाद के कारण पिता को पुत्र द्वारा नशा मुक्ति केन्द्र में बंधक बनाकर रखे जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने याचिका की सुनवाई करते हुए वृद्ध की मेडिकल रिपोर्ट के साथ उन्हें न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 25 मार्च को निर्धारित की गयी है। जबलपुर निवासी अक्षय चौधरी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता दुर्गेश पटेल के पास काम करता है। उनके पुत्र रूपेश पटेल ने पिता दुर्गेश पटेल को जबरन नशा मुक्ति केंद्र में बंधक बनाकर रखा है। हाईकोर्ट के आदेश पर विगत 26 फरवरी को तिलवारा पुलिस ने वृद्ध को हाईकोर्ट में पेश किया था। वृध्द ने युगलपीठ को बताया था कि वह कोई साइकोट्रोपिक सब्सटेंस नहीं लेते हैं और प्रॉपर्टी के झगड़े की वजह से उसे नशा मुक्ति केंद्र में रखा है। कोर्ट में अनावेदकों की तरफ से बताया गया कि वह साइकोट्रोपिक सब्सटेंस लेते है। वह भू-माफिया के प्रभाव में है जो प्रॉपर्टी पर कब्ज़ा करना चाहते हैं। युगलपीठ ने पुलिस जांच अधिकारी को वृद्ध की मेडिकल जांच नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, डॉक्टर से करवाने के आदेश जारी किये थे।



पिछली सुनवाई के दौरान वृध्द की मेडिकल रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की गयी। मेडिकल रिपोर्ट में बताया गया कि वृद्ध कई गंभीर से पीड़ति है और उसकी विस्तृत जांच आवश्यक है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हॉस्पिटल में एक नशा मुक्ति मेडिकल ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर है, जो नई दिल्ली में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के साथ कोऑर्डिनेशन में चलाया जाता है। रिपोर्ट में सिफारिश की वृद्ध को उसकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जाए। सोमवार को युगलपीठ को बताया गया कि वृद्ध मानसिक रूप से ठीक है परंतु कई बीमारियों से ग्रस्ति है। अनावेदक पुत्र, पत्नी व बेटी की ओर से बताया गया कि पिता को नशे की लत है।

### *विभागीय योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति समय सीमा में सुनिश्चित करें : संभागायुक्त*

**जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने संभागीय अधिकारियों के साथ समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाओं को गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन, सिकल सेल रोगियों की स्क्रीनिंग और उपचार, तथा वय वंदना योजना के तहत सीनियर सिटीजन के आयुष्मान कार्ड बनवाने की कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कृषि वर्ष 2026 की कार्ययोजना के अनुसार उन्होंने विभागीय योजनाओं और गतिविधियों के निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में प्राप्त करने का निर्देश दिया। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता और मत्स्य विभागों की फील्ड स्तर पर क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं की प्रगति लक्ष्य अनुरूप सुनिश्चित करें और विभागीय पोर्टल में एंट्री करें। उन्होंने कृषि क्षेत्र में किसानों की आय वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए शासन निर्देशानुसार कार्य करने तथा नरवाई प्रबंधन हेतु आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

**प्रदेश में प्रतिदिन 41 मौत होने का आंकडा प्रस्तुत**

# खराब सड़कें और जानलेवा गड्ढों के कारण भी प्रदेश में होती हैं सड़क दुर्घटनाएं, याचिका दायर

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया गया कि खराब सड़कें और जानलेवा गड्ढों के कारण भी प्रदेश में सडक दुर्घटनाएं होती हैं और लोगों की जान जाती है। याचिका में कहा गया है कि सड़क दुर्घटना सिर्फ चालकों की गलती के कारण नही बल्कि खराब सड़क इंजीनियरिंग, जानलेवा गड्ढों, अवैध अतिक्रमण और बिना उचित ट्रेनिंग के बांटे गए ड्राइविंग लाइसेंस के कारण भी होती हैं। प्रदेश में प्रतिदिन 41 मौत होने का आंकडा प्रस्तुत किया गया है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने नगर निगम आयुक्त जबलपुर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर न्यायालय की मदद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता अरिहंत तिवारी को



कोर्ट मित्र नियुक्त किया गया है। मामले पर अगली सुनवाई 27 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

जबलपुर निवासी आशीष शिवहरे की ओर से दायर याचिका में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट का हवाला देते हुए देते हुए कहा गया था कि मध्य प्रदेश में हर दिन लगभग 41 व्यक्ति की मौत होती है। देश में रोजना साढे तीन सौ से अधिक व्यक्तियों की मौत होती है। प्रशासन हर दुर्घटना को सिर्फ चालक की गलती बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकता। दुर्घटनाएं अक्सर खराब सड़क इंजीनियरिंग, जानलेवा गड्ढों, अवैध अतिक्रमण, और बिना उचित ट्रेनिंग के बांटे गए ड्राइविंग लाइसेंस के कारण होती है। याचिका में राहत चाही गयी थी कि पुलिस और नगरीय प्रशासन की एकीकृत जवाबदेही तय की जाये। इंजीनियरों और ठेकेदारों पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 198 का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाये। खराब सड़क डिजाइन या गड्ढों के कारण किसी की जान जाती है, तो संबंधित इंजीनियरों और ठेकेदारों पर आपराधिक मामला दर्ज हो। खराब सड़कों पर टोल वसूली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाये। लाइसेंसिंग सिस्टम में सुधार करते हुए सभी मौजूदा ड्राइविंग लाइसेंस धारकों के लिए एक डिजिटल री-ट्रेनिंग एप के माध्यम से नियमों की जानकारी दी जाये।

### वाहनों में हो बदलाव

दोपहिया वाहनों में हेलमेट चोरी की समस्या से बचने और सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए इन-बिल्ट हेलमेट लॉकर अनिवार्य किये जाये। ऐसा रोड सेफ्टी ऐप बने जहां आम जनता खतरनाक सड़कों, ब्लैक स्पॉट्स और गड्ढों की फोटो सहित सीधी शिकायत कर सके और उस पर वैज्ञानिक जांच हो। हाईवे पर ढाबों के पास अवैध पार्किंग, शराब की बिक्री और आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं के लिए स्थानीय थाना प्रभारी और प्रशासन की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाए।



## स्वच्छ जबलपुर अभियानः गंदगी फैलाने वाले संस्थानों पर निगम की सख्ती

**जबलपुर।** शहर की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम सक्रिय है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर उन व्यावसायिक संस्थानों पर शिकंजा कसा जा रहा है जो स्वच्छता नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने होटल बी.के. कैसल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान होटल के बेसमेंट में भारी गंदगी और कचरे का अव्यवस्थित अंबार पाया गया। निगम अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लेते हुए होटल प्रबंधन पर 25,000 रुपये का स्पॉट फाइन लगाया। निगमायुक्त ने कहा कि शहर की सुंदरता और स्वास्थ्य के साथ समझौता करने वाले संस्थानों को बख्शा नहीं जाएगा। होटल प्रबंधन ने तत्काल जुर्माना राशि का भुगतान किया। निगमायुक्त ने शहर के सभी होटल संचालकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने परिसर के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र को भी स्वच्छ रखें। इस कार्रवाई में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव और मुख्य स्वच्छता निरीक्षक श्रीमती अगस्ते उपस्थित रहे। निगम की इस त्वरित कार्रवाई को शहरवासियों ने सराहा, क्योंकि इससे अन्य संस्थानों में भी स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागेगा।

**आरोपी के पास 100 फर्जी आईडी और 250 से ज्यादा लड़कियों के फोटो मिले**

# सोशल मीडिया पर हनी ट्रैप का जाल

## *आरोपी को नागपुर से गिरफ्तार कर लाई पुलिस*

हरिभूमि जबलपुर।

सोशल मीडिया के जरिए युवतियों को फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले एक शातिर आरोपी को बरगी पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी आईडी बनाकर युवतियों से दोस्ती करता था और बाद में उनके निजी फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था।

पुलिस के अनुसार बरगी नगर निवासी 22 वर्षीय युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि साहिल विश्वकर्मा नाम का युवक उसे सोशल मीडिया पर परेशान कर रहा है। आरोपी उसके निजी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। इसके बदले वह पैसों की मांग कर रहा था और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव भी बना रहा था।

शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने साहिल विश्वकर्मा के खिलाफ धारा 75(1)(ii), 78(1)(ii), 308(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। तलाश के बाद रविवार को उसे नागपुर से गिरफ्तार कर लिया गया।



अब तक की जांच में सामने आया है कि बरगी नगर निवासी 23 वर्षीय साहिल ग्रेजुएट है। उसके पिता ड्राइवर हैं और घर में मां व छोटी बहन हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी ने इंस्टाग्राम पर 100 से ज्यादा फर्जी आईडी बना रखी थीं। पुलिस को उसकी आईडी में सैकड़ों लड़कियां एड मिलीं। मोबाइल और पेन ड्राइव की जांच में 250 से ज्यादा लड़कियों के फोटो मिले। ये लड़कियां मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, यूपी और छत्तीसगढ़ की बताई जा रही हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी कई फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर अन्य युवतियों को भी अपने जाल में फंसाता था और उन्हें ब्लैकमेल करता था।

पुलिस के मुताबिक वारदात के बाद आरोपी राज्य से बाहर भाग गया था। सुराग मिलने पर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सरिता पटेल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर टीम ने नागपुर में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से मोबाइल फोन, पेनड्राइव और कई सिम कार्ड जब्त किए गए हैं, जिनका उपयोग ब्लैकमेलिंग में किया जाता था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह जांच की जा रही है कि उसने अब तक कितनी युवतियों को निशाना बनाया है।

**अलर्टः अपहरण की आशंका ने चिंता बढ़ाई**

# पाटन के गांव से 2 किशोरियां लापता

**जबलपुर।** जिले के ग्रामीण अंचलों से किशोरियों के अचानक लापता होने की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पाटन थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से दो किशोरियों के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने के मामलों ने न सिर्फ परिवारों बल्कि पूरे इलाके में चिंता का माहौल बना दिया है। पुलिस ने दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, वहीं ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

पहला मामला पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम टपरिया गाड़ाघाट का है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात परिवार के सभी सदस्य भोजन के बाद सो गए थे। 17 वर्षीय किशोरी अपनी मां के साथ कमरे में सो रही थी। रात करीब तीन बजे मां की नींद खुली तो बेटी बिस्तर पर नहीं थी। परिजनों ने तुरंत घर और आसपास तलाश शुरू की। गांव के रास्तों, खेतों और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सुबह होते-होते मामला पूरे गांव में फैल गया और हड़कंप की स्थिति बन गई। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

### बिना बताए घर से निकली

दूसरा मामला ग्राम वर्धाघाट का है। यहां एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी, जिसने इस वर्ष शासकीय स्कूल रिठौरी से 10वीं की परीक्षा दी है, शनिवार शाम 4 से 6 बजे के बीच घर से बिना बताए कहीं चली गई। शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिवार को चिंता हुई। देर रात तक आसपास के गांवों और परिचितों के यहां तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। मजबूर होकर परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

### अपहरण की आशंका से बढ़ी चिंता

दोनों परिवारों ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण की आशंका जताई है। लगातार दो गांवों से किशोरियों के लापता होने की घटनाओं ने ग्रामीणों में भय का माहौल बना दिया है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सख्ती नहीं की गई तो ऐसे मामले बढ़ सकते हैं। पाटन थाना पुलिस ने दोनों मामलों में गुमशुदगी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है। मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल्स और संभावित संपर्कों की जांच की जा रही है। पुलिस ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी निगरानी बढ़ा दी है।

### जागरुकता की जरूरत

लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों को देखते हुए पुलिस और सामाजिक संगठनों ने अभिभावकों से अपील की है कि वे किशोरियों की गतिविधियों पर ध्यान रखें, उनके मित्रों और संपर्कों की जानकारी रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# लंबित पत्रों पर सख्ती: कलेक्टर ने तय की जवाबदेही

## योजनाओं की प्रगति पर मांगी समयबद्ध रिपोर्ट



**जबलपुर।** जिले में लंबित प्रकरणों को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागों की कार्यप्रणाली और योजनाओं की जमीनी प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने साफ कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपनी-अपनी योजनाओं की अद्यतन जानकारी विभागीय पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें, ताकि मॉनिटरिंग प्रभावी ढंग से हो सके।बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए शिविरों में प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री जनमन योजना, किसानों की ई-केवाईसी, विद्यालयों में बालिका शौचालय निर्माण, आंगनवाड़ियों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, डॉग बाइट नियंत्रण, कक्षा पहली में प्रवेश उत्सव, वन ग्राम और राजस्व ग्राम संबंधी कार्यों की प्रगति रिपोर्ट मांगी।एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था, बीएलसी घटक के तहत विशेष पट्टा अभियान, स्वावलंबी गौशालाओं और स्वरोजगार योजनाओं के संचालन पर भी विशेष चर्चा की गई। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में देरी पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी प्रकरण तय समय सीमा में निपटाए जाएं।बैठक में प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समितियों में अशासकीय सदस्यों के नामांकन व अनुमोदन पर भी चर्चा हुई। शासकीय और निजी अस्पतालों में बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने प्राइवेट कॉलेजों का भौतिक सत्यापन करने और महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन वातावरण तैयार करने के निर्देश दिए।इसके अलावा निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों के भुगतान से पहले रॉयल्टी राशि खनिज मद में जमा कराने की सख्त हिदायत दी गई। बैठक के अंत में पेंशन कार्यालय द्वारा नवीन पेंशन नियम और राज्य केंद्रीकृत पेंशन प्रोसेसिंग प्रणाली पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की कोर कमेटी गठित




**जबलपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद मध्यप्रदेश इकाई के कार्यों में त्वरित निर्णय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोर कमेटी का गठन किया गया है। इसकी घोषणा राष्ट्रीय मुख्य महासचिव रजत गुप्ता ने की। उन्होंने बताया कि यह कमेटी पत्रकारों, पत्रकारिता तथा परिषद से जुड़े अतिआवश्यक विषयों पर शीघ्र निर्णय लेने का कार्य करेगी।

घोषित कोर कमेटी में गंगा पाठक (राष्ट्रीय संरक्षक), नलिन कांत बाजपेयी (राष्ट्रीय संयोजक), परमानंद तिवारी (राष्ट्रीय अध्यक्ष), देव शंकर अवस्थी (राष्ट्रीय सचिव), मदन मोहन अवस्थी (प्रदेश संयोजक), राजेश दुबे (प्रदेश अध्यक्ष), विलोक पाठक (प्रदेश मुख्य महासचिव), राजेश शुक्ला (प्रदेश उपाध्यक्ष), अनुरोध पटेरिया (प्रदेश संगठन महासचिव), के. जी. शर्मा (प्रदेश प्रमुख अनुशासन समिति) तथा चंद्रशेखर शर्मा (प्रदेश प्रवक्ता) को शामिल किया गया है। रजत गुप्ता के अनुसार यह कोर कमेटी परिषद के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के साथ पत्रकारों से जुड़े आवश्यक विषयों पर समयबद्ध निर्णय सुनिश्चित करेगी।

## सुप्रीम कोर्ट से भी खाली हाथ लौटी सोम डिस्टिलरी, अब हाईकोर्ट की सिंगल बेंच में फिर होगी सुनवाई

जबलपुर। विवादों में घिरी सोम डिस्टिलरी को राहत पाने की कोशिश में एक और बड़ा झटका लगा है। जिस आदेश के खिलाफ कंपनी सीधे सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी, वहां से भी उसे कोई अंतरिम राहत नहीं मिल सकी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि मामला पहले से ही मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में लंबित है और इसकी सुनवाई वहीं की सिंगल बेंच करेगी। इसके बाद कंपनी को खाली हाथ लौटना पड़ा और मामला फिर हाईकोर्ट में ही आ गया है। दरअसल, जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच पहले ही सोम डिस्टिलरी को अंतरिम राहत देने से इनकार कर चुकी है। कोर्ट ने राज्य सरकार को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा था कि शासन का पक्ष सुने बिना किसी भी प्रकार का अंतरिम आदेश देना उचित नहीं होगा।

इस आदेश के खिलाफ कंपनी ने हाईकोर्ट में रिट अपील दायर करने के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की, लेकिन दोनों ही स्तर पर उसे राहत नहीं मिल सकी। मामला आबकारी विभाग की उस कार्रवाई से जुड़ा है, जिसमें सोम डिस्टिलरी के लाइसेंस निलंबित किए गए थे। विभाग ने फर्जी परमिट के जरिए शराब परिवहन और अन्य अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। कंपनी इन आरोपों को चुनौती देकर अदालत से राहत चाहती है, लेकिन फिलहाल उसे किसी भी स्तर पर राहत नहीं मिली है। अब पूरे मामले की अगली सुनवाई फिर से हाईकोर्ट की उसी सिंगल बेंच में होने की स्थिति बन गई है, जहां राज्य सरकार के जवाब के बाद आगे की कानूनी दिशा तय होगी।

# 18 मार्च को आनंदकुंज गढ़ा में नव संवत्सर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में होगी काव्य रस की फुहार

**जबलपुर।** भारतीय संस्कृति में नव संवत्सर (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) केवल कैलेंडर बदलने का दिन नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरा आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक आधार है। यह समय प्रकृति के पुनर्जन्म का होता है, जब वसंत ऋतु का आगमन होता है और चारों ओर हरियाली फैल जाती है। इसे 'सृष्टि का जन्मदिन' भी माना जाता है। शास्त्रों में इसे ब्रह्मा जी की सृष्टि की रचना के आरंभ का दिन बताया गया है, और मर्यादा पुरुषोत्तम राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था।

इन परंपराओं और शाश्वत सनातन संस्कृति को जीवित रखने के लिए सृजन भारती परिवार द्वारा 18 मार्च 2026 को रात्रि 8 बजे आनंदकुंज तिराहा, गढ़ा में विक्रम संवत 2083, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर उत्सव के रूप में "विराट अखिल भारतीय कवि सम्मेलन" का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिलब्ध कवि अपनी ओजपूर्ण, हास्य-व्यंग्य और सरस गीतों से श्रोताओं को आनंदित करेंगे। कार्यक्रम में गुलाबी नगरी जयपुर से कमल मनोहर, लखनऊ से विनय शुक्ला, लखीमपुर खीरी से कनक तिवारी, इंदौर से रोहित शर्मा, राजस्थान बॉसबाड़ा से सुश्री रोहिणी पांडे और भोपाल से सभीहा असर सहित अन्य कवि अपनी काव्य रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के सहयोगी डॉ. संजय गौतम, मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा, कृष्ण कुमार तिवारी, सुशील उपाध्याय, संजय तिवारी, कमलेश यादव, दीपक सोनी, और प्रवीण भारद्वाज ने सभी से इस कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है। यह आयोजन न केवल काव्य रस की फुहार देगा, बल्कि संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी होगा।

# पिता के साथ बेटे ने की मारपीट

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत ग्राम आरछा में नाती को मारने से मना करने की बात पर एक बेटे ने अपने पिता के साथ मारपीट कर लकड़ी से हमला कर घायल कर दिया। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आरछा निवासी 65 वर्षीय तुलसीराम गौंड अपनी पत्नी गुड्डी बाई के साथ अपने छोटे बेटे आकाश के पास ग्राम नटवारा जाने की तैयारी कर रहा था तभी उसका 8 वर्षीय नाती साहिल उनके साथ जाने का कहने लगा, तभी उसके बड़े बेटे मुकेश ने साहिल को जाने के लिए मना कर दिया और साहिल के साथ मारपीट कर दी। पिता तुलसीराम ने नाती साहिल को मारने से मना किया तो मुकेश ने अपने पिता तुलसीराम के साथ गालीगलौज व मारपीट कर लकड़ी से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 118(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया

# खेती के साथ पशुपालन और मछली पालन से बढ़ रही किसानों की आय



**जबलपुर।** पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक और समन्वित कृषि प्रणाली अपनाकर किसान अब केवल अनाज उत्पादन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मछली पालन, पशुपालन और बागवानी के माध्यम से भी अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं। इसका स्पष्ट उदाहरण पाटन विकासखंड के बेनीखेड़ा ग्राम में कृषक विकास ग्रोवर के खेत में देखा जा सकता है। उप संचालक कृषि डॉ. एस. के. निगम और अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ. इंदिरा त्रिपाठी ने क्षेत्र निरीक्षण के दौरान विकास ग्रोवर द्वारा की जा रही समन्वित खेती का जायजा लिया। श्री ग्रोवर ने अपनी कृषि भूमि को अलग-अलग हिस्सों में विभाजित किया है, ताकि संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। खेत के निचले हिस्से में तीन तालाब बनाकर वे कतला, रोहू, ग्रास कॉपर और मृगल जैसी उन्नत नस्ल की मछली का पालन कर रहे हैं। इन तालाबों का पानी पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण फसलों की सिंचाई में भी उपयोग किया जाता है। श्री ग्रोवर के खेत में आम, अमरूद, सेव, केला, एवोकैडो, अनार और नींबू के बाग लगाए गए हैं। उनके पास दुधारू पशु भी अच्छी संख्या में हैं, जिनसे प्राप्त दूध सीधे बाजार में बेचा जाता है। पशुओं का गोबर और मूत्र वर्मी कंपोस्ट (केंचुआ खाद) बनाने के काम आता है, जिससे खेतों की उर्वरता बढ़ती है। उप संचालक कृषि डॉ. निगम ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पंकज श्रीवास्तव और कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती सीमा राउत को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र के अन्य किसानों को समन्वित खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि अधिक से अधिक किसान कम रिस्क वाली खेती कर अधिक आय अर्जित कर सकें।

## रिवाल्वर सहित पकड़ा गया बदमाश

**जबलपुर।** गढ़ा पुलिस ने मदनमहल पहाड़ी दरगाह के पास पिस्टल लेकर घूम रहे एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी रिवाल्वर एवं एक कारतूस जब्त की। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ 17 अपराधिक मामलें दर्ज हैं। गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर मदनमहल पहाड़ी दरगाह के पास अपराध करने की नीयत से कमर में पिस्टल खोसे घूम रहे देवताल रामनगर गढ़ा निवासी 26 वर्षीय शिवा उर्फ बंबू चौधरी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी रिवाल्वर एवं एक कारतूस जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर मामला जांच में लिया है।

## सूने घर का ताला तोड़कर जेवर चोरी

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत पुरानी बस्ती कटनी दफाई में 40 वर्षीय श्रीमति माला बिहुनिया के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। घटना वाली रात वे पति एवं बच्चों के साथ ननद के घर शादी में ग्राम घाना खमरिया गयी थी।




# शासकीय प्राथमिक सैटेलाइट शाला हिनोतिया को संदीपनि विद्यालय में मर्ज किए जाने पर हो रहा विरोध

**बरेला।** शासन की मंशा के अनुसार नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 2 किलोमीटर के अंदर के विद्यालयों को सी एमराइस संदीपनि विद्यालय में मर्ज किया जाना है। इस क्रम में समीपस्थ ग्राम पंचायत जमुनिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक सैटेलाइट शाला हिनोतिया को सांदीपनि विद्यालय बरेला में मर्ज किया जा रहा है। इस निर्णय के खिलाफ पालकों में रोष व्याप्त है। पालकों का कहना है कि बिना आवागमन की उचित सुविधा के वे अपने बच्चों को दूर पैदल भेजने के लिए तैयार नहीं हैं, क्योंकि इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। स्थानीय अभिभावक अंजलि गौंड और अर्चना गौंड ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शाला के बच्चों का स्थानांतरण होने पर शाला छोड़ने और शाला त्यागी होने की संभावना बढ़ जाएगी। स्थानीय अभिभावकों का यह भी कहना है कि जब तक आवागमन की सुविधा नहीं जुटाई जाती, तब तक शाला का स्थानांतरण न किया जाए। इस संबंध में स्थानीय जनों ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों और कलेक्टर को शिकायत भी दी है।

# रंगदारी वसूलने युवक से मारपीट

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत भड़पुरा नई बस्ती में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक को जातिगत रुप से अपमानित कर कड़े से हमला कर दिया और उसे जमीन पर पटक दिया, जिससे वह घायल हो गया। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भड़पुरा निवासी 26 वर्षीय योगेश गौंड ठाकुर गत दिवस अपने दोस्त दीपक पाटकर एवं संजय झारिया के साथ गांव के सुलभ काम्पलेक्स के पास खड़ा था तभी लगभग 9.15 बजे ग्राम तेवर निवासी सिल्लू पटैल अपने साथी धम्मू के साथ आया और गालीगलौज कर शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, मना करने पर जातिगत रूप से अपमानित करते हुये सिल्लू पटेल ने हाथ में पहने कड़े से हमला कर दिया तथा धम्मू ने जमीन पर पटक दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 119(1), 115(2), 351(2), 3(5), बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# दिवंगत अधिवक्ताओं की स्मृति में आयोजित किया गया स्व. पी.एस. तिवारी स्मृति दिवस



**जबलपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिवंगत वरिष्ठ अधिवक्ताओं की स्मृति में स्व. पी.एस. तिवारी स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन म.प्र. उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के सिल्वर जुबली हॉल में किया गया। कार्यक्रम म.प्र. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश महिन्दर सिंह भट्टी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर न्यायाधीश महिन्दर सिंह भट्टी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने पूर्वजों को स्मरण करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है और मनीष तिवारी विगत कई वर्षों से इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दिवंगत अधिवक्ताओं को याद कर रहे हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राधेलाल गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश में प्रतिवर्ष 14 मार्च को दिवंगत अधिवक्ताओं की स्मृति में स्मृति दिवस मनाया जाना चाहिए। मनीष तिवारी द्वारा वर्ष 2015 से लगातार 14 मार्च को यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर 85 युवा अधिवक्ताओं को विधि पुस्तकें भेंट की गईं। साथ ही म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद से प्राप्त टी.ए.डी./ए. की राशि 64,400 रुपये एक गंभीर रूप से अस्वस्थ अधिवक्ता को उपचार हेतु प्रदान की गई।

कार्यक्रम में अधिवक्ता हित से जुड़े कार्यों के तहत अधिवक्ता संघों को एम्बुलेंस, ई-रिक्शा, कम्प्यूटर लाइब्रेरी, वॉटर कूलर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए दिवंगत अधिवक्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मनीष तिवारी, श्रीमती आरती तिवारी, आशीष तिवारी सहित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। वहीं अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, सचिव पारितोष त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह, सह सचिव योगेश सोनी, लाइब्रेरी सचिव रजनीश उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुशवाहा, सपना तिवारी, गरिमा तिवारी, रविन्द्र प्रताप सिंह, स्मिता केहरी सहित सैकड़ों अधिवक्तागण मौजूद रहे।



# समय पूर्व संपन्न हुआ कक्षा पांचवी एवं आठवीं वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य

**बरेला।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाडा गौर जबलपुर ग्रामीण में वार्षिक परीक्षा 2025 - 26 कक्षा पांचवी एवं आठवीं का मूल्यांकन केंद्र बनाया गया था जिसमें मूल्यांकन केंद्र प्रभारी श्रीमती आभा वानखेडे के मार्गदर्शन में सहायक मूल्यांकन केंद्र प्रभारी अंजना सराफ, सीमा सोनी स्ट्रांग रूम प्रभारी संगीता तिवारी, जयप्रकाश धुर्वे तथा तकनीकी कार्यों को दक्षता पूर्वक करने वाले शिक्षक राजेश पटेल ने अनुशासित मूल्यांकन कार्य करवाते हुए मूल्यांकन कार्य समय के पूर्व संपन्न करवाया | जबलपुर ग्रामीण ब्लाक अंतर्गत मूल्यांकन केंद्र पीएमश्री सालीवाडा गौर में अन्यत्र ब्लॉक की लगभग 29092 कॉपियां मूल्यांकन हेतु आयी थी जिसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से 15 मार्च की तिथि निर्धारित की गई थी समय सीमा के पूर्व शांतिपूर्वक मूल्यांकन कार्य संपन्न हुआ।मूल्यांकन केंद्र प्रभारी श्रीमती आभा वानखेडे ने मूल्यांकन कार्य समय के पूर्व संपन्न होने पर मूल्यांकन कार्य में संलग्न टीम एवं सभी मूल्यांकन कर्ताओं को बधाई दी।

# जलप्लावन की तैयारियों को लेकर महापौर और निगमायुक्त ने की बैठक



**जबलपुर।** वर्षा ऋतु के आगमन से पूर्व महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वास्थ्य अमले के साथ बैठक कर जलप्लावन रोकथाम के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में नागरिकों के हित में कई ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महापौर ने नाला-नालियों की सफाई के लिए विस्तृत रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए। नवाचार के तहत, सफाई के बाद नालों की दीवारों पर सफाई की तिथि और सफाई टीम के सदस्यों के नाम अंकित किए जाएंगे, ताकि जवाबदेही तय हो और नागरिकों को भी निगरानी में शामिल किया जा सके। बैठक में बताया गया कि शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की 'तड़ीझाड़' सफाई सुनिश्चित की जा रही है। एल एण्ड टी नाला और एन.एम.टी. के पास स्थित प्रमुख नालों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पिछले दो वर्षों में शहर में जलभराव में आई कमी को देखते हुए इस वर्ष और बेहतर तैयारी की जा रही है, ताकि वर्षा ऋतु में जलप्लावन न हो। महापौर ने स्वास्थ्य अमले को डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और नाईट स्वीपिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

उनका उद्देश्य केवल नालों की सफाई नहीं बल्कि एक ऐसी व्यवस्थित प्रणाली बनाना है, जिससे नागरिक वर्षा ऋतु में किसी भी प्रकार की असुविधा से बच सकें। बैठक में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त देवेन्द्र चौहान, उपायुक्त संभव अयाची, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी और मुख्य स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित रहे।

# सिविल अस्पताल में दिव्यांगजनों के लिए शिविर आयोजित

**सिहोरा।** जुबेनाइल जस्टिस कमेटी हाईकोर्ट की अनुशंसा के परिपालन में दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड बनाए जाने हेतु सोमवार को शासकीय अस्पताल सिहोरा में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन नगर पालिका द्वारा किया गया। जिसमें सभी आयु वर्ग के दिव्यांगजनों की चिकित्सकीय जांच कर उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा उपस्थित दिव्यांगजनों का परीक्षण कर आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर प्रमाण पत्र बनाये गये। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना तथा उन्हें आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना है ताकि वे शिक्षा,स्वास्थ्य, पेंशन एवं अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ संजय जैन आर्थोपेडिक स्पेशलिस्ट,डॉ संदीप भगत मेडिकल स्पेशलिस्ट,डॉ एहतिशाम नेत्र रोग विशेषज्ञ,डॉ विद्या रतन बरकड़े मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ ऊषा दत्त के अलावा नगर पालिका से सुशील वर्मा, कल्पना दीक्षित, यशस्विनी गजोरिया, मयंक जैन, अमर चौहान सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भगवान चैतन्य महाप्रभु का जीवन परिचय पाठ्यक्रम में जोड़ने की मांग

**जबलपुर।** जबलपुर चैतन्य महाप्रभु का जीवन परिचय मध्य प्रदेश पाठ्यक्रम में जोड़ा जाए इस मांग को लेकर आज 17 मार्च को सुबह 10.30 बजे एक ज्ञापन मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक स्थाई समिति भोपाल के अध्यक्ष डॉ अल्केश चतुर्वेदी को महाकौशल कॉलेज सिविल लाइन में सौंपा जाएगा। सभी भक्तों से राईट टाउन स्थित डॉक्टर सुधीर अग्रवाल के निवास पर एकत्रित होने की अपील की गई यहां से सभी लोग महाकौशल कॉलेज के लिए रवाना होंगे।

**श्री प्रदीप कहार-** इंदिरा नगर कुशवाहा कॉलोनी रांझी निवासी श्री प्रदीप कहार (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


**श्री हरी सिंह लोधी-** मड़ई व्हीकल निवासी श्री हरी सिंह लोधी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति देवी सातोकर-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री वामन राव सातोकर की धर्मपत्नी श्रीमती शांति देवी सातोकर (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रुक्मणी मतेल-** ललित कॉलोनी निवासी श्री सुखलाल मतेल की धर्मपत्नी श्रीमती रुक्मणी मतेल (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दुर्गा देवी गुप्ता-** अवतार काम्प्लेक्स गोरखपुर निवासी श्री बिंदेश्वरी प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा देवी गुप्ता (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नर्मदा प्रसाद चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री नर्मदा प्रसाद चौधरी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।




**श्री शिवराज सिंह ठाकुर-** स्नेहनगर गढ़ा रोड निवासी श्री शिवराज सिंह ठाकुर (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मणिशंकर चौधरी-** ब्यौहारबाग नेहरू वार्ड निवासी श्री मणिशंकर चौधरी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोहर सिंह-** नगर निगम क्वाटर्स बस स्टैंड के पास निवासी श्री मनोहर सिंह (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राज कुचबंधिया-** रामहरख का बगीचा कुचबंधिया मोहल्ला शीतलामाई निवासी श्री राजेश कुचबंधिया के पुत्र श्री राज कुचबंधिया (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती फुल्लो बाई बेन-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मिठाई लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती फुल्लो बाई बेन (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

अलग-अलग हिस्सों को तेज और आधुनिक सड़क नेटवर्क से जोड़ना मकसद

# छह आर्थिक कॉरिडोर से बदलेगा मप्र का सड़क नेटवर्क, 3368 किमी के एक्सप्रेस वे और प्रगतिपथ से 55 जिले जुड़ेंगे, उद्योग-व्यापार व पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में सड़क और औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने के लिए राज्य सरकार छह बड़े आर्थिक कॉरिडोर विकसित करने जा रही है। इन कॉरिडोर की कुल लंबाई 3368 किलोमीटर होगी और इनके निर्माण पर करीब 36,483 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन परियोजनाओं का मकसद प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों को तेज और आधुनिक सड़क नेटवर्क से जोड़ना है, जिससे उद्योग, व्यापार, पर्यटन और परिवहन गतिविधियों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।



सरकार ने इन सभी परियोजनाओं को जून 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। इन कॉरिडोर में नर्मदा प्रगतिपथ, विंध्य एक्सप्रेस-वे, मालवा-निमाड़ विकासपथ, अटल प्रगतिपथ, बुंदेलखंड विकासपथ और मध्यभारत विकासपथ शामिल हैं। इनमें से दो कॉरिडोर भोपाल से होकर गुजरेंगे। परियोजनाओं का अंतिम प्रारूप तैयार हो चुका है और इनके निर्माण का काम लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम मिलकर करेंगे। सरकार की योजना के अनुसार इन कॉरिडोर के जरिए प्रदेश को आठ हिस्सों में विभाजित करते हुए सड़क नेटवर्क को व्यवस्थित किया जाएगा।

## इन जिलों को होगा सीधा फायदा

इन आर्थिक कॉरिडोर के बनने से प्रदेश के सभी जिलों तक सड़क संपर्क बेहतर होगा। विंध्य एक्सप्रेस-वे बनने से भोपाल सीधे सिंगरौली से जुड़ जाएगा। इस मार्ग में भोपाल, सागर, दमोह, कटनी और रीवा सहित करीब दस जिले आएंगे। मालवा-निमाड़ विकासपथ के जरिए मंदसौर, उज्जैन, इंदौर, खंडवा और बुरहानपुर को बेहतर सड़क संपर्क मिलेगा। गरोठ-उज्जैन 136 किलोमीटर और इंदौर-बुरहानपुर 215 किलोमीटर खंड पर काम जारी है। अटल प्रगतिपथ पश्चिम में दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से शुरू होकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा। इससे श्योपुर, मुरैना और भिंड जैसे जिलों को फायदा होगा। बुंदेलखंड विकासपथ बनने से भोपाल, रायसेन, विदिशा, सागर और छतरपुर के बीच सीधा संपर्क मजबूत होगा। इस मार्ग के जरिए भोपाल से छतरपुर की दूरी और समय दोनों कम होंगे। मध्यभारत विकासपथ से भीमबैठिका, भोजपुर, सांची, उदयगिरी, चंदेरी, ओरछा और दतिया जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल आपस में जुड़ेंगे। यह कॉरिडोर मुरैना से बैतूल तक सीधा मार्ग उपलब्ध कराएगा। वहीं नर्मदा प्रगतिपथ झाबुआ, धार, इंदौर, देवास, सीहोर, रायसेन, नरसिंहपुर, जबलपुर और डिंडोरी सहित करीब दस जिलों से होकर गुजरेगा। यह कॉरिडोर बिलासपुर-रायपुर से शुरू होकर गुजरात तक जुड़ेगा।

## ये हैं प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे और प्रगतिपथ

- नर्मदा प्रगतिपथ – 867 किमी लंबाई, लागत 5,299 करोड़ रुपए, लक्ष्य जून 2028।
- विंध्य एक्सप्रेस-वे – 676 किमी लंबाई, लागत 3,809 करोड़ रुपए, लक्ष्य जून 2028।
- मालवा-निमाड़ विकासपथ – 450 किमी लंबाई, लागत 7,972 करोड़ रुपए, लक्ष्य दिसंबर 2027।
- अटल प्रगतिपथ – 299 किमी लंबाई, लागत 12,227 करोड़ रुपए, निर्माण जारी।
- बुंदेलखंड विकासपथ – 330 किमी लंबाई, लागत 3,357 करोड़ रुपए, लक्ष्य जून 2028।
- मध्यभारत विकासपथ – 746 किमी लंबाई, लागत 3,819 करोड़ रुपए, लक्ष्य जून 2028।

ताप्ती नदी पर बनेगा उच्च स्तरीय पुल, असीरगढ़ के किले को पर्यटन केंद्र के रूप में करेंगे विकसित

किसानों की तकदीर बदल देगी नेपानगर की दो सिंचाई परियोजनाएं

# बुरहानपुर को एग्रो एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की योजना

डॉ. हेडगेवार स्मृति उद्यान बनाया जाएगा, बुरहानपुर महाविद्यालय में पढ़ाया जाएगा कृषि संकाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नेपानगर अद्भुत नगरी है। यह कृषि और उद्योग का बेजोड़ संगम है। बुरहानपुर जिला मप्र की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर के एग्री एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश के जनजातीय वर्ग का समग्र विकास हमेशा से ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है। जनजातीय समाज के समग्र कल्याण के लिए नए वित्त वर्ष 2026-27 के सालाना बजट में 26 प्रतिशत की वृद्धि कर 47 हजार 428 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा है, जिससे जनजातीय वर्ग के चहुंमुखी विकास और कल्याण में कोई कमी न रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बुरहानपुर जिले के नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय पीएम जन-मन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कराए जा रहे कार्य प्रदेश में जनजातीय कल्याण का नया अध्याय लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. हेगड़ेवार स्मृति उद्यान बनाया जाएगा। बुरहानपुर महाविद्यालय में कृषि संकाय की पढ़ाई होगी। इसीतरह ताप्ती नदी पर उच्च स्तरीय पुल बनाने तथा असीरगढ़ के किले को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की घोषणा की।



मुख्यमंत्री का संबोधन।



नेपानगर विस क्षेत्र में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे मुख्यमंत्री

जनजातीय वर्ग के चहुंमुखी विकास और कल्याण में कोई कमी न रहे

### सिंचाई क्षमता में लगातार हो रही वृद्धि

बुरहानपुर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा ग्राउंड वाटर रिचार्ज परियोजना भी मंजूर हो चुकी है। इससे बुरहानपुर जिले की सिंचाई क्षमता में भारी वृद्धि होगी। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि नेपानगर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में यहां की नेपा मिल का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। विधायक बुरहानपुर एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह सरकार सामाजिक सरोकारों से जुड़ी है। सरकार के प्रयासों से प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय भी निरंतर बढ़ रही है। नेपानगर विस की विधायक मंजू दादू ने सीएम को तीर कमान भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने असीरगढ़ के प्राचीन किले का जीर्णोद्धार करवाने एवं यहां पर्यटन गतिविधियां विकसित करने का अनुरोध किया।

### प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में बनेंगे गीता भवन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाएँ जा रहे हैं। गीता भवन के माध्यम से दार्शनिक वातावरण निर्मित करने का प्रयास है। इन केन्द्रों में युवा पीढ़ी को गीता के निष्काम कर्म और भारतीय मूल्यों से जोड़ने और शोधार्थियों के लिए विशेष संसाधन उपलब्ध कराना गीता भवन का मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को विस्तार देने के लिए 'गीता भवन' परियोजना को अब वृहद स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के सभी 413 शहरों में गीता भवन निर्माण की योजना के लिए 5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### 4 शहरों में प्रोजेक्ट्स स्वीकृत, 100 निकायों में भूमि चिन्हांकित

योजना के क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए विभाग ने चार प्रमुख शहरों में ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स को तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें रीवा (5 करोड़ रुपए), छिंदवाड़ा (2.5 करोड़ रुपए), कटनी (2.4 करोड़ रुपये) तथा खंडवा (2 करोड़ रुपए) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 6 नगर निगमों सहित 100 नगर पालिकाओं में 'ग्रीनफील्ड' प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है, जिनकी डीपीआर को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शेष 313 नगरीय निकायों में भी भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है।

### सिंचाई परियोजनाएं 35 हजार किसान परिवारों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में दो प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं (झिरमिट्टी मध्यम सिंचाई परियोजना एवं नावथा वृहद सिंचाई परियोजना) को शासकीय मंजूरी मिलने की जानकारी देते हुए कहा कि यह सिंचाई परियोजनाएं इस क्षेत्र के 34 हजार 400 किसान परिवारों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगी। कुल 2598.97 करोड़ रुपए की इन दोनों परियोजनाओं से जनजातीय बहुल क्षेत्र में 51800 हेक्टेयर कृषि रकबे में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इन परियोजनाओं से 132 गांव लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी के भी अनर्गल प्रलाप से कतई प्रभावित न हों। इन परियोजनाओं के निर्माण में हमारी सरकार किसी भी व्यक्ति या किसान को घर से बेघर नहीं होने देगी। हम सबके हितों का बराबर ध्यान रखेंगे।

तीसरे राउंड में सिर्फ 458 करोड़ की बोली

# 11,498 करोड़ रुपए के शराब ठेकों पर मिला ठंडा रिस्पॉन्स



फाइल फोटो।

नीलामी में ठेकेदारों की भागीदारी की उम्मीद रही काफी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शराब दुकानों के ठेकों की नीलामी का तीसरा राउंड भी ठंडा रहा। आबकारी विभाग ने इस चरण में प्रदेश के 50 जिलों के 407 समूहों के लिए टेंडर जारी किए थे, जिनकी कुल रिजर्व प्राइस 11,498.68 करोड़ रुपए तय की गई थी। लेकिन नीलामी में ठेकेदारों की भागीदारी उम्मीद से काफी कम रही।

सूत्रों के अनुसार शनिवार को पूरे प्रदेश में सिर्फ 15 जिलों के 36 समूहों के लिए ही 60 टेंडर प्राप्त हुए। इन बोलीदाताओं ने कुल 458.38 करोड़ रुपए के ऑफर दिए, जो निर्धारित रिजर्व प्राइस का करीब 4 प्रतिशत ही है।

### 35 जिलों में सन्नाटा

तीसरे राउंड में प्रदेश के 35 जिलों में एक भी टेंडर दाखिल नहीं हुआ। बड़े शहरों में भी नीलामी को लेकर ठेकेदारों की दिलचस्पी नहीं दिखी। भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, सागर और देवास जैसे प्रमुख जिलों में भी एक भी बोली नहीं आई।

सूत्रों का कहना है कि ठेकों की रिजर्व प्राइस बढ़ने के कारण कई ठेकेदारों ने बोली लगाने से दूरी बनाए रखी। आबकारी ने बदली रणनीति कमजोर रिस्पॉन्स को देखते हुए आबकारी विभाग अब नई रणनीति पर काम कर रहा है।

### अगले चरण में शराब दुकानों के छोटे समूह बनाकर नीलामी कराई जाएगी

इसके तहत प्रत्येक समूह में न्यूनतम 2 और अधिकतम 3 दुकानें शामिल होंगी।

एकल दुकान को अलग समूह बनाकर नीलामी में नहीं रखा जाएगा।

बड़े समूह सिर्फ उन्हीं जिलों में बनाए जाएंगे, जहां पर्याप्त इच्छुक टेंडरदाता मौजूद हों।

### ठेकेदारों की 'वेट एंड वॉच' की रणनीति

सूत्रों के मुताबिक कई जिलों में ठेकेदार फिलहाल 'वेट एंड वॉच' की रणनीति अपनाए हुए हैं। उनका मानना है कि शुरुआती चरण में सरकार ऊंची कीमतों पर ठेके देना चाहती है, लेकिन कमजोर रिस्पॉन्स के बाद शर्तों में ढील दी जा सकती है। ठेकेदारों की रणनीति ठेकों के भाव कम कराने की भी बताई जा रही है। इसी उम्मीद में कई बड़े ठेकेदार फिलहाल बोली से दूर हैं। कुछ जिलों में यह भी चर्चा है कि स्थानीय स्तर पर सीमित प्रतिस्पर्धा बनाए रखने की कोशिश की जा रही है, ताकि आगे के चरणों में कम बोलीदाताओं के बीच ठेके हासिल किए जा सकें। हालांकि आबकारी विभाग संगठित रणनीति की इन चर्चाओं से इनकार करता है। विभागीय सूत्रों के अनुसार पिछले वर्षों में भी यह देखा गया है कि सरकार एक अप्रैल से पहले कई बार ठेकों की रिजर्व प्राइस में कटौती कर देती है।

# जिलों में संगठन की पकड़ मजबूत करने की तैयारी, कांग्रेस के 71 जिला संगठन महामंत्रियों की भोपाल में ट्रेनिंग आज




पीसीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में कांग्रेस अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए अब जिलों में संगठन महामंत्रियों को अधिक अधिकार देने की तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के 71 जिला संगठन महामंत्रियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को भोपाल में आयोजित किया जाएगा। बैठक में जिला संगठन महामंत्रियों को उनके अधिकार, जिम्मेदारियां और संगठन में उनकी भूमिका को विस्तार से समझाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें एक फोल्डर भी दिया जाएगा, जिसमें उनके अधिकार क्षेत्र और कामकाज की रूपरेखा स्पष्ट की गई है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले और प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी मुख्य रूप से मार्गदर्शन देंगे।

### जिलों में एआईसीसी मॉडल पर अधिकार

*सूत्रों के अनुसार जिस तरह एआईसीसी में संगठन महामंत्री के पास व्यापक अधिकार होते हैं, उसी तर्ज पर अब जिलों में भी संगठन महामंत्रियों को मजबूत भूमिका दी जाएगी। उन्हें जिला, ब्लॉक, उप-ब्लॉक और मंडल-सेक्टर स्तर पर संगठनात्मक नियुक्तियों से जुड़े आदेश जारी करने का अधिकार भी मिल सकता है। जिला अध्यक्ष के सहयोगी के रूप में भूमिका प्रशिक्षण में यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि जिला अध्यक्ष और संगठन महामंत्री के बीच तालमेल कैसे बनाया जाए, ताकि संगठनात्मक कामों में टकराव की स्थिति न बने।*

### मीडिया और सोशल मीडिया पर भी फोकस

बैठक में मीडिया और सोशल मीडिया विभाग भी प्रस्तुति देंगे। इसमें बताया जाएगा कि
* संगठनात्मक कार्यक्रमों को सार्वजनिक कैसे किया जाए
* नियुक्तियों और गतिविधियों को मीडिया तक कैसे पहुंचाया जाए
* सोशल मीडिया के जरिए संगठन को कैसे मजबूत बनाया जाए।

विपक्ष पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप, जनता को दिलाया भरोसा

# अफवाहों पर न दें ध्यान, छग में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं: सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में गैस की किल्लत को लेकर प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। एक दो दिन में गैस की आपर्ति पूरी तरह से सामान्य हो जाएगी। लोगों को किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। प्रदेश में गैस सिलेंडर की कोई वास्तविक कमी नहीं है। इस संबंध में फैल रही बातें पूरी तरह से अफवाह हैं।

उन्होंने बताया कि दो जहाज ईरान से इंडिया के लिए रवाना हो चुके हैं। संभावना है कि वे एक-दो दिनों में पहुंच जाएंगे। इसके बाद आपूर्ति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। उन्होंने





लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि सरकार किसी भी स्थिति में लोगों को परेशान नहीं होने देगी। यदि कहीं थोड़ी बहुत कमी दिखाई देती है, तो उसे जल्द ठीक कर लिया जायेगा। गैस सिलेंडर की परेशानी को लेकर विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए सीएम साय ने कहा कि विपक्ष के कुछ लोग इस मुद्दे को लेकर जनता को गुमराह करने की कोशिश में लगे हुए हैं। इस वजह से जनता में और ज्यादा अफवाहें फैल रही हैं। वास्तविकता ये है कि राज्य में गैस की कोई किल्लत नहीं है।

### 700 से ज्यादा सिलेंडर जब्त

इधर छत्तीसगढ़ में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ खाद्य विभाग की टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। राज्य में 700 से ज्यादा सिलेंडरों को जब्त किया गया है। कई गैस एजेंसी के बाहर गैस नहीं के बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। इस वजह से आम जनता को परेशानी हो रही है। गैस की किल्लत लगातार बढ़ती जा रही है। गैस एजेंसी के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं, तो सर्वर डाउन होने के कारण लोगों की ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रही है।

गांधीनगर थाना क्षेत्र की घटना

# खुद को आरटीओ अधिकारी बताकर लूट करने का आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

जिले के अंबिकापुर शहर में गांधीनगर थाना क्षेत्र में खुद को आरटीओ अधिकारी बताकर युवक से 20 हजार रुपये की लूट करने वाले आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल और 1000 रुपये नगद बरामद किए हैं। आरोपी पहले भी लूट की घटनाओं में संलिप्त रह चुका है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम मरकाडाड थाना राजपुर जिला बलरामपुर निवासी



संदीप लकड़ा ने 14 मार्च को गांधीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने बताया कि 11 मार्च की शाम करीब 6 बजे वह अपने ससुर के साथ मोटरसाइकिल से अस्पताल से गांधी चौक की ओर जा रहा था।

सरगुजा के उदयपुर थाना क्षेत्र की घटना

# दोस्त की हत्या कर कीचड़ से भरी डभरी में फेंका शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

उदयपुर थाना क्षेत्र में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने अपने ही मित्र की हत्या कर शव को गांव के पास स्थित कीचड़ से भरी डभरी में फेंक दिया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डभरी का पानी खाली कराया और शव को बाहर निकालकर कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार घटना बीती रात की बताई जा रही है। मृतक की



पहचान शीतल, निवासी हनुमानगढ़, थाना उदयपुर के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक ने किसी कारणवश अपने मित्र शीतल की हत्या कर दी और उसका शव पोतका गांव के पास स्थित एक डभरी में फेंक दिया।

संदिग्ध गतिविधि देख चलाया था तलाशी अभियान

एक इंसास राइफल, 15 जिंदा कारतूस और नक्सली साहित्य जब्त

# कोहकाटोला जंगल में नक्सली कैंप ध्वस्त पुलिस, सीएएफ, डीआरजी की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में पुलिस बल को बड़ी सफलता मिली है। एक संयुक्त अभियान में औंधी थाना क्षेत्र के कोहकाटोला जंगल में नक्सली कैंप ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में एक इंसास राइफल, 15 जिंदा कारतूस और बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य जब्त हुआ। जिला पुलिस बल, सीएएफ और डीआरजी की संयुक्त टीम ने कोहकाटोला जंगल में तलाशी अभियान चलाया। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर पुलिस ने घेराबंदी की, पर नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। तलाशी में टीम को एक



इंसास राइफल मिली, जिसकी मैगजीन में 15 जिंदा कारतूस थे। इसके अतिरिक्त, पावर बैंक, दवाइयां, खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं भी जब्त की गईं। पुलिस ने बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य भी बरामद किया।

### दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी पुलिस ने की बरामद

संयुक्त टीम ने नक्सली कैंप से महत्वपूर्ण सामग्री बरामद की। इसमें एक इंसास राइफल शामिल है, जिसमें 15 जिंदा कारतूस वाली मैगजीन लगी थी। नक्सलियों के दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे पावर बैंक, दवाइयाँ, खाद्य सामग्री और बड़ी मात्रा में साहित्य भी मिला है। यह बरामदगी नक्सलियों की आपूर्ति श्रृंखला पर बड़ा प्रहार मानी जा रही है।

# कुकिंग गैस को लेकर हाहाकार

## बुकिंग से लेकर वितरण तक सिस्टम फेल



**जबलपुर।** शहर में कुकिंग गैस को लेकर हालात दिन- ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल पा रही। गैस बुकिंग के लिए फोन करने पर नंबर नहीं लग रहे, ऑनलाइन बुकिंग में सर्वर डाउन की समस्या सामने आ रही है और ओटीपी तक समय पर नहीं पहुंच रही। ऐसे में आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शहर के विभिन्न इलाकों में उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस बुकिंग के लिए कई-कई बार कॉल करने के बावजूद नंबर नहीं लग रहा। ऑनलाइन बुकिंग के दौरान सर्वर डाउन बता रहा है। जिन लोगों ने किसी तरह बुकिंग कर भी ली, उन्हें ओटीपी नहीं मिलने की शिकायत है। इससे बुकिंग प्रक्रिया अधर में लटक रही है।

### एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें

गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही महिलाओं और बुजुर्गों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कई लोग खाली सिलेंडर लेकर घंटों इंतजार कर रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि प्रशासन केवल कागजों में व्यवस्था नियंत्रित होने का दावा कर रहा है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

### बाजार पर भी असर

गैस संकट का असर बाजार पर भी दिखाई देने लगा है। कोयले के दाम बढ़ गए हैं, जिससे ढाबों और छोटे होटल संचालकों की लागत बढ़ रही है। वहीं इंडक्शन चूल्हे बाजार से लगभग गायब हो गए हैं या ऊंचे दामों पर बिक रहे हैं। लोगों ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर इंडक्शन और इलेक्ट्रिक चूल्हों की खरीद बढ़ा दी है।

### राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप

संकट को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि प्रशासन दिखावे की कार्रवाई कर रहा है और वास्तविक समस्या के समाधान पर ध्यान नहीं दे रहा। वहीं सत्ता पक्ष का कहना है कि आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है और तकनीकी कारणों से अस्थायी दिक्कतें आ रही हैं।

### गंभीर हो सकती है स्थिति

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अगले 10–15 दिनों तक हालात नहीं सुधरे, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। शादी-ब्याह और आयोजनों पर असर पड़ने की आशंका है। घरेलू रसोई के साथ-साथ होटल और छोटे व्यवसाय भी प्रभावित होंगे। शहरवासियों की मांग है कि प्रशासन तत्काल सर्वर और बुकिंग सिस्टम की तकनीकी समस्या दूर कर आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करे, ताकि आमजन को राहत मिल सके। फिलहाल, जबलपुर में कुकिंग गैस को लेकर मचा हाहाकार थमता नजर नहीं आ रहा।



# गरीब बच्चों को बांटे 200 जोड़ी कपड़े ईद की खुशियां साझा की

**जबलपुर।** सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर जबलपुर द्वारा खुशियों के लिबास डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम 16 मार्च 2026 को अंसारी बारात घर गोहलपुर में आयोजित किया गया। समाजसेवी संस्था एसबीएफ जबलपुर के द्वारा सोमवार को अंसारी बारात घर में एक सराहनीय सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को लगभग 200 जोड़ी नए कपड़े वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब परिवारों के बच्चों की ईद को भी खुशहाल बनाना और समाज में आपसी भाईचारे का संदेश देना था। कपड़े पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि त्योहारों की खुशियां तभी पूरी होती हैं जब समाज के सभी लोग उसमें शामिल हो सकें। इसी सोच के साथ यह पहल की गई है ताकि जरूरतमंद बच्चों को भी ईद की खुशियों का अनुभव हो सके।

कार्यक्रम में समाजसेवी हाजी कादिर सोनी, मजहर उस्मान, आरिफ पहलवान, परवेज़ अख्तर, पार्षद मतीन, वकील अहमद अंसारी पार्षद, नाजिम ए शहर गुलाम रसूल साहब, हसन अहमद, एस.के. फैज, अबरार अहमद एवं हाजी अनवर, शादान, जोहेब एहतिशाम, सोहेब, सलाम, सोहेब हाफिज, इश्तियाक अहमद, वसीम अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर इस सामाजिक कार्य में सहयोग किया।

# माँ कर्मा जयंती पर गढ़ा साहू समाज ने किया भव्य आयोजन

जबलपुर।

साहू समाज की आराध्य माँ कर्मा देवी की जयंती के अवसर पर दानवीर भामाशाह साहू समाज समिति गढ़ा द्वारा बड्डा दद्दा मैदान, पुरवा गढ़ा में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व महापौर प्रभात साहू, तेलघानी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रविकिरण साहू, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एड. मनीष मिश्रा, आभा साहू, वीरेंद्र साहू तथा सीएसपी सतीश साहू की विशेष उपस्थिति रही।




आमंत्रित अतिथियों ने माँ कर्मा का पूजन एवं आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। अतिथियों ने माँ कर्मा जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए समाज को उनके भक्ति मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के एड. अर्जुन साहू, अध्यक्ष राहुल साहू, कार्यकारी अध्यक्ष जीतू साहू, विनोद साह, शेखर साहू, राजेश साह, नीलकंठ साहू, अशोक साहू, नयन साहू और अभिनंदन साहू का विशेष योगदान रहा।

## 14 अप्रेल को मनाई जाएगी डॉ. आम्बेडकर व ज्योतिबा फुले जयंती

**जबलपुर।** बोधिसत्व डॉ. भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति जबलपुर द्वारा डॉ. भीमराव आम्बेडकर चौक हाईकोर्ट पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 14 अप्रेल को डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती एवं महिला शिक्षा के जनक महत्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती ओजस्वी वक्ताओं की उपस्थिति में धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अपूर्वानंद दिल्ली विवि नई दिल्ली, विशिष्ट अतिथि विजय सुरवाड़े मुंबई होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता यादवराव मेश्राम करेंगे। समिति के दीपक मेश्राम, धर्मशील चाटे, दीपक वानखेड़े, सिद्धार्थ उरकुडे, वीरेन्द्र बौद्ध, विजय धाबर्डे सहित अन्य सदस्यों ने उपस्थिति की अपील की है।

# शब-ए-कद्र पर मस्जिदों में हुई दस्तारबंदी

## केंद्रीय जेल में रोज़ा अफ्तार का आयोजन

**जबलपुर।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र माह रमज़ान मुबारक की पाक रात शब-ए-कद्र के मौके पर शहर तथा उपनगरीय क्षेत्रों की लगभग 100 से अधिक मस्जिदों और नमाज़गाहों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। रात में इशा की नमाज़ के बाद अदा की गई तरावीह की नमाज़ में परंपरानुसार पवित्र कुरान शरीफ का पाठ पूरा किया गया।

इस अवसर पर तमाम मस्जिदों में हाफिज़ साहिबान की दस्तारबंदी कर उनका इस्तकबाल किया गया। मस्जिद कमेटियों और नमाजियों ने हाफिज़ों को नजराने और तोहफे पेश कर उनका सम्मान किया।

पाक रात की रौनक को देखते हुए मस्जिदों में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई और बड़ी संख्या में लोगों ने रातभर इबादत में समय बिताया। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों तथा मीना बाजार में देर रात तक चहल-पहल बनी रही, वहीं सुबह फज्र की नमाज़ के बाद मुस्लिम बंधुओं ने कब्रिस्तानों में पहुंचकर अपने मरहूम रिश्तेदारों के लिए दुआ-ए-मगफिरत की।



शब-ए-कद्र की पाक रात पर जबलपुर केंद्रीय जेल में मुस्लिम बंदियों के लिए रोज़ा अफ्तार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दावत-ए-इस्लामी के डिपार्टमेंट जी.एन.आर.एफ. (गरीब नवाज़ रिलीफ फंड) की जानिब से संपन्न हुआ।

हाजी मोहम्मद जावेद अत्तारी अशरफी ने बताया कि जेल में मौजूद बंदियों को रमज़ान की रहमत और शब-ए-कद्र की बरकतों का लाभ दिलाने के लिए यह अफ्तार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हाजी अज़हर ख़ान, हाफिज इमरान खतीब, इमाम सेफ मस्जिद मोहम्मद जुनेद अत्तारी और हामिद अत्तारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने बंदियों के साथ मिलकर अफ्तार किया और मुल्क की तरक्की व अमन के लिए दुआ की।

# सशक्त हस्ताक्षर की 46वीं काव्य गोष्ठी सम्पन्न

## सामाजिक समरसता की कविताओं ने किया मोहित

जबलपुर। समसामयिक प्रेरक विषयों के साथ सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध की रचनाएं प्रस्तुत करके कवियों ने प्रेरणा की अलख जगाई। अवसर था सशक्त हस्ताक्षर संस्था 46वीं मासिक काव्य गोष्ठी का। संस्थापक गणेश श्रीवास्तव प्यासा ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सरस्वती वंदना इंद्राना से पधारे कवि प्रकाश सिंह ठाकुर ने की। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रो.डॉ. शरद नारायण खरे रहे, अध्यक्षता महामहोपाध्याय आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि नीलम खरे, सुवीर श्रीवास्तव, विजय नेमा अनुज थे। सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण, संगम त्रिपाठी, संतोष नेमा संतोष ने सृजन के महत्व पर प्रकाश डाला। दिवाकर शर्मा, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, डॉ. पी.आर.एस. चौधरी, अमरनाथ सोनी, अरुण शुक्ल, देवेन्द्र अग्रवाल, महेश स्थापक, के.के. तिवारी, रमाकांत गौतम, दिलीप नीखरा, अर्चना श्रीवास्तव, चंदा श्रीवास्तव, मंजू इंगले, सुनीता जैन, शेखर शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। द्वितीय सोपान में कवि दीनदयाल तिवारी बेताल, कुंजीलाल चक्रवर्ती, जी.एल. जैन, मनोज शुक्ल मनोज, जयप्रकाश श्रीवास्तव, विवेक गुप्ता, लखन लाल रजक, डॉ. आशा श्रीवास्तव, डॉ. एम.एल. शर्मा, सिद्धेश्वरी सराफ शीलू, विजय सिन्हा, कमर इलाहावादी, डॉ. सुरेन्द्रलाल साहू, डॉ. मुकुल तिवारी, निर्मला तिवारी, डॉ. ममता तिवारी, तरुणा खरे तनु, अनुकम्पा नायक, प्रीति नामदेव, बालमुकुंद लखेरा, डॉ. भावना दीक्षित, राजेन्द्र मिश्रा, उर्मिला श्रीवास्तव, ज्योति मिश्रा, ज्योति प्यासी, अमरसिंह वर्मा, विवेक शैलार, संध्या द्विवेदी, सभी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दी, संचालन गणेश श्रीवास्तव प्यासा व आभार प्रदर्शन गुलजारी लाल जैन ने किया।





## दलित सेना कल्याण महासंघ का सामाजिक समरसता होली मिलन संपन्न

**जबलपुर।** दलित सेना कल्याण महासंघ कार्यालय बादशाह मंदिर पोलीपाथर में दिनांक 15/3/2026 को सामाजिक समरसता के अंतर्गत सभी वर्गों का होली मिलन कार्यक्रम सांय 7 बजे आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण लोकगीत फाग की प्रस्तुति मगन लाल अहिरवार मंडली द्वारा की गई। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माला अर्पण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पं. राममूर्ति मिश्रा, विशिष्ट अतिथि शरद अग्रवाल, विजय कांडा, मधु चौधरी, लक्ष्मी बेन, रवि सक्सेना, अध्यक्षता राजेन्द्र चौधरी, संयोजक एवं आभार दिनेश चौधरी ने किया। सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल फूलमाला से स्वागत किया गया, अतिथियों द्वारा संगठन को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पिंकी ठाकुर, रूप लाल यादव, सुरेश हिरसकर, एमपी प्रजापति, चमन दोहरे, संतोष चौधरी, दलवीर सिंह दस्सल, संजीव वर्मा, दीपक राजपूत, हुकुम चौधरी, सरोज कांडा, यासमीन मोहम्मद, किरण विश्वकर्मा, बीना परिहार, कुमुद मुराव, श्रीलाल, सागर, कृष्ण गोपाल आदिजन इस कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित होकर फागों एवं लोकगीतों का आनंद उठाया।



## नागार्जुन बौद्ध महाविहार के चुनाव संपन्न

**जबलपुर।** बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ घमापुर में बौद्ध विहार संघ एवं बौद्ध विहार महिला मंडल घमापुर के वर्ष 2026-28 के चुनाव संपन्न हुए। बौद्ध विहार संघ में अध्यक्ष राजेश जनबंधु, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ उरकुडे, सुनील गजभिये, सचिव धर्मशील चाटे, उपसचिव जेएन रामटेके, संजय उरकुडे, कोषाध्यक्ष आशीष गजभिए, उपकोषाध्यक्ष नितिन गजभिए, आडिटर उमाकांत गजभिए चुने गए। इसी प्रकार बौद्ध विहार महिला मंडल में अध्यक्ष नंदा पाटिल, उपाध्यक्ष कविता सहारे, अनिता जनबंधु, सचिव सुत्रिता भवते, उपसचिव माधुरी गजभिये, पूर्णिमा वानखेड़े, कोषाध्यक्ष सविता लोखंडे, उप कोषाध्यक्ष मनीषा मेश्राम, ऑडिटर सायंका मेश्रा सर्वसम्मति से चुने गए। बौद्ध समाज ने नवीन कार्यकारिणी के गठन पर सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

# महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य पर चलाया जागरूकता अभियान

## एफपीएआई ने 'Give to Gain' थीम पर छात्रों को किया प्रेरित

**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफपीएआई) की जबलपुर शाखा द्वारा प्रियदर्शनी अंजुमन इस्लामिया कन्या महाविद्यालय, गोहलपुर में रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला स्वास्थ्य व अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम में एफपीएआई जबलपुर शाखा के ब्रांच मैनेजर रवि शरण गौतम ने संस्था की गतिविधियों और समाज में किए जा रहे जागरूकता कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने वर्ष 2026 की थीम "Give to Gain" पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज में महिलाओं को अवसर और सहयोग देने से ही समग्र विकास संभव है। संस्था की उपाध्यक्ष डॉ. मुक्ता भटेले ने छात्राओं को महिलाओं के लिए बनाए गए विभिन्न कानूनों, सुरक्षा प्रावधानों और अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से कहा कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना और अन्य महिलाओं को भी जागरूक करना समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का महत्वपूर्ण कदम है।




कार्यक्रम के दौरान संस्था की सदस्य एवं काउंसलर श्रीमती किरण कालवे ने सर्वाइकल कैंसर, प्रजनन स्वास्थ्य तथा उससे जुड़ी बीमारियों के बारे में सरल और रोचक तरीके से जानकारी दी। उन्होंने इन बीमारियों के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और जागरूक रहने की सलाह दी। छात्राओं ने भी पूरे उत्साह के साथ सत्र में भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं के समाधान प्राप्त किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एफपीएआई जबलपुर शाखा के ब्रांच मैनेजर रवि शरण गौतम, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शबाना अंजुम, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी रेशमा शेख, महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिकाओं तथा छात्राओं का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला के अंत में सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में स्वास्थ्य, जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# ईद के 4 दिन शेष, सफाई व्यवस्था ठप

## पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने निगमायुक्त से की व्यवस्था की मांग

**जबलपुर।** डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने बताया कि मुस्लिम समाज का सबसे पवित्र पर्व रमजान का माह चल रहा है, जिसके खत्म होने में सिर्फ चार दिन बाकी हैं और उसके बाद ईद-उल-फितर का त्यौहार है, मीना बाजार पूरी तरह से अपनी रंगत पर है, लेकिन अभी भी नगर निगम की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। उन्होंने बताया मीना बाजार बड़ा बाजार होने से रोजाना 10 से 12 ट्रिपर डिस्पोजल एवं कचरा निकल रहा है, वहीं अंतिम सप्ताह होने की वजह से अफ्तार दावत से भी अधिक कचरा निकल रहा है, लेकिन मुस्लिम बहुल क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा सफाई कर्मचारी उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं। प्रत्येक वार्ड में 2-3 डोर-टू-डोर गाड़ियों से काम चलाऊ सफाई हो रही है, जिसके कारण पूरे क्षेत्र में गंदगी फैली है, नालियां बजबजा रही हैं। रमजान शुरू होने के पूर्व ही नगर निगम कांग्रेस पार्षद दल ने साफ-सफाई, लाइट, पेयजल व ट्रैफिक व्यवस्था पर निगम आयुक्त का ध्यान आकर्षित कराया था, लेकिन नगर सत्ता द्वारा खुलेआम पक्षपात किया जा रहा है। आम दिनों में कचरा घरों से नियमित कचरा उठाया जाता रहा, लेकिन रमजान शरीफ पर्व पर व्यवस्था में लापरवाही बरती जा रही है। सत्ता पक्ष के इशारे पर बरती गई लापरवाही की कांग्रेस पार्षद दल घोर निंदा करता है।

पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने 16 मार्च को पुनः निगम आयुक्त से मुलाकात कर तत्काल हस्तक्षेप कर सफाई व्यवस्था को सुधारने और ईद-उल-फित्र पर अतिरिक्त व्यवस्था की मांग की है।

**नाम परिवर्तन**

मैं, अमित कुमार पांडेय, फ्लैट नंबर 203 प्रेस्टीज पूनम आर्केड, गोलबाजार, जबलपुर यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम अमित कुमार पांडेय से बदलकर अमित पांडेय कर लिया है। अबसे मैं सभी प्रयोजनों के लिए अमित पांडेय के नाम से जाना जाऊँगा।

सही नाम- अमित पांडेय
गलत नाम- अमित कुमार पांडेय